आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री राम यंत्र स्थापना समारोह में कहा कि आज का भारत न केवल नया है बल्कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।
- नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एम एस एम ई और स्टार्टअप देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में नई सोच के साथ योगदान दे रहे है।
- योग, जुम्बा और मनोरंजक खेल के साथ कार्बाइन्स कोव तट पर फिट इंडिया वेव्स एंड वारियर्स महोत्वस का आयोजन किया जाएगा।
- डिगलीपुर में एरियल बे जेट्टी के पास मगरमच्छ देखे जाने के बाद बंद किए गए पर्यटन स्थलों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि देश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर इसका प्रतीक है। वे अयोध्या में एक सभा को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश के तीन दिन के दौरे पर हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ रहे हैं। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से बस 2047 या शायद उससे पहले ही आप उन लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। 21वीं सदी में हमारे समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना रामराज्य के बंधन में प्राप्त होती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का भारत न केवल एक नया भारत है बल्कि एक बदलता हुआ भारत भी है। श्रीमती मुर्मु ने राम जन्मभूमि मंदिर में आरती की तथा श्री राम यंत्र स्थापना समारोह में भाग लिया। वैदिक मंत्रों के बीच आज मंदिर की दूसरी मंजिल पर श्री राम यंत्र स्थापित किया गया। राष्ट्रपति ने मंदिर निर्माण से जुडे श्रमिकों को भी सम्मानित किया।

<><><><><><><>

चैत्र नवरात्रि, चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नवरेह, साजिबू चेरोबा और नव संवत्सर आज देश के विभिन्न हिस्सों में मनाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्रि में नौ दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना को समर्पित होते हैं। पहले दिन घट स्थापना या कलश स्थापना के साथ भक्त मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं। इसके बाद देवी ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। इन दिनों में व्रत–उपवास, पूजा–पाठ और देवी भजनों के माध्यम से श्रद्धालु मां दुर्गा से सुख–समृद्धि और शक्ति की कामना करते हैं। कई घरों और मंदिरों में अखंड ज्योति जलाई जाती है, वहीं अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। चैत्र नवरात्रि के साथ ही शुरू होता है हिंदू नववर्ष, इसे विक्रम संवत के रूप में जाना जाता है। यह दिन नई शुरुआत, नए संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एम एस एम ई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कई एम एस एम ई एआई, स्वचालन, रोबोटिक्स और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर 'इनोवेशन्स फॉर डिफेंस एक्सीलेंस' प्लेटफॉर्म के महत्व पर जोर दिया। यह प्लेटफॉर्म स्टार्टअप और एम एस एम ई को सशस्त्र बलों के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 25 मार्च को कार्बाइंस कोव तट पर एक दिवसीय "फिट इंडिया वेव्स एंड वॉरियर्स बीच महोत्सव" का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों में

फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत योग, ज़ुम्बा, रस्साकशी, समुद्रतट रिले दौड़, सैंड फिटनेस सर्किट, मनोरंजक खेल, समुद्री कायकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन सभी आयु वर्ग के व्यक्ति, संस्थानों और युवा क्लबों के लिए खुला है। यह कार्यक्रम पर्यटन विभाग और शिक्षा एवं खेल निदेशालय के सहयोग से आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के अंडमान एवं निकोबार राज्य केंद्र द्वारा आज विश्व जल दिवस के अवसर पर "जल और लैंगिक समानता" विषय पर एम ई एस, ब्रिचगंज स्थित लवणमुक्ति संयंत्र का प्राविधिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल, यांत्रिक तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को गैरीसन अभियंता विकास सिंघल द्वारा लवणमुक्ति संयंत्र की कार्यप्रणाली और संचालन के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर राज्य केंद्र की अध्यक्षा उषा स्टीफन ने अभियंता विकास सिंघल को स्मृति–चिह्न भेंट कर उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में एरियल बे जेट्टी के समीप 13 मार्च को लगभग ढाई मीटर लंबे मगरमच्छ के देखे जाने की सूचना के बाद बंद की गई पर्यटन गतिविधियां अब पुनः शुरू कर दी गई हैं। वन विभाग ने घटना के तुरंत बाद सक्रियता दिखाते हुए मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया और क्षेत्र में गश्त तेज कर दी थी। विभाग की संयुक्त टीम एवं वन्यजीव कर्मियों द्वारा लगातार निगरानी के बावजूद अब तक मगरमच्छ की कोई नई गतिविधि या पुनः दिखाई देने की पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों से भी इस संबंध में कोई ताजा सूचना प्राप्त नहीं हुई है। स्थिति की समीक्षा के बाद प्रशासन ने Ross and Smith Islands सहित आसपास के पर्यटन स्थलों पर गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय लिया है। हालांकि, सभी पर्यटन गतिविधियां कड़ी निगरानी और निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत ही संचालित की जाएंगी। प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

<><><><><><><>

विदेश मंत्रालय की तथ्य जांच इकाई ने सोशल मीडिया पर चल रहे उन दावों का खंडन किया है जिनमें भारत और ईरान के बीच टकराव की बात कही गई है। तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताया है और नागरिकों से सोशल मीडिया पर इस तरह के निराधार दावों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने उन दावों को भी फर्जी बताया है जिनमें कहा गया है कि ईरान ने उसके 22 ईरानी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय द्वारा राज्य स्तरीय यू आई डी आई सी बैठक का आयोजन कल सुबह 10 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्र शासित प्रदेश में UIDAI की पहलों के क्रियान्वयन तथा जन–जागरूकता से संबंधित विभिन्न चर्चाएँ और गतिविधियाँ शामिल होंगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सामान्य ड्यूटी चिकित्सक अधिकारी के पद पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए कल प्रत्यक्ष साक्षात्कार का आयोजन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार साक्षात्कार सुबह साढ़े दस बजे से सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>